देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 268 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...एमएसपी की लीगल गारंटी



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 1 फरवरी 2022



मौसम अधिकतम 18.0° न्यूनतम 8.0° | 42243.38 | 2 यूक्रेन पहुंचे अमेरिकी सैनिक | 7 आईपीएल नीलामी में सबसे महंगा गेंदबाज

# सर्वाधिक तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। इस सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण से हुई। संसद में राष्ट्रपति का संबोधन युवाओं और डिजिटल इंडिया पर केंद्रित रहा। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा स्टार्ट-अप ईको-सिस्टम, हमारे युवाओं के नेतृत्व में तेजी से आकार ले रही अनंत नई संभावनाओं का उदाहरण है। डिजिटल इंडिया और डिजिटल इकॉनमी के बढ़ते प्रसार के संदर्भ में देश के UPI प्लेटफार्म की सफलता के लिए मैं सरकार के विजन की प्रशंसा करूंगा। दिसंबर, 2021 में देश में आठ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन UPI के माध्यम से हुआ है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से भारत एक बार फिर विश्व की सर्वाधिक तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। सरकार की नीतियों की वजह से आज भारत उन देशों में है जहां इंटरनेट की कीमत सबसे कम है। यहां स्मार्ट फोन की कीमत भी सबसे कम है। इसका बहुत बड़ा लाभ भारत की नौजवान पीढ़ी को मिल रहा है। आज भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बनकर उभरा है।

**राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई एक लाख 40 हजार:** अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर-विकास के कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने के लिए अलग-अलग मंत्रालयों के कामकाज को प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के रूप में एक साथ जोड़ा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों, संसाधनों और इनफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से देश की उन संभावनाओं को उड़ान मिल रही है जो दशकों से उपेक्षित पड़ी थीं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की उपलब्धियां गर्व करने योग्य हैं। मार्च 2014 में हमारे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 90 हजार किलोमीटर थी, जबकि आज उनकी लंबाई बढ़कर एक लाख चालीस हजार किलोमीटर से अधिक हो गई है।

**डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता:** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम कर रही है। सरकार की नीतियों की वजह से डिफेंस सेक्टर में विशेषकर रक्षा उत्पादन में देश की आत्म-निर्भरता लगातार बढ़ रही है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 83 एलसीए तेजस फाइटर एयरक्राफ्ट के निर्माण हेतु अनुबंध किए गए हैं।

## तीन तलाक से लेकर टीकाकरण पर संसद में बोले राष्ट्रपति

**तीन तलाक जैसी कुप्रथा को खत्म किया**

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने तीन तलाक को कानूनन अपराध घोषित कर समाज को इस कुप्रथा से मुक्त करने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में से एक है। बेटे-बेटी को समानता का दर्जा देते हुए सरकार ने महिलाओं के विवाह के लिए न्यूनतम आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर पुरुषों के समान 21 वर्ष करने का विधेयक भी संसद में प्रस्तुत किया है।



### चुनाव आते-जाते रहेंगे, इस सत्र को बनाएं फलदायीः पीएम

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। इससे पहले पीएम मोदी ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने सांसदों से अपील की कि वे बजट सत्र को फलदायी बनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि यह सच है कि चुनाव, सत्रों और चर्चाओं को प्रभावित करते हैं, लेकिन मैं सभी सांसदों से अनुरोध करता हूं कि चुनाव चलेंगे, आते-जाते रहेंगे, लेकिन बजट सत्र साल का खाका खींच लेता है। इसलिए इसे फलदायी बनाएं।

### 2047 के लिए करनी है कड़ी मेहनत

वर्ष 2047 में देश अपनी आजादी की शताब्दी पूरी करेगा। उस समय के भव्य, आधुनिक और विकसित भारत के लिए हमें आज कड़ी मेहनत करनी होगी। हमें अपने परिश्रम को पराकाष्ठा तक लेकर जाना है और यह सुनिश्चित करना है कि अंततः इसके लाभकारी परिणाम निकलें। इसमें हम सबकी भागीदारी है और समान भागीदारी है। आज देश की उपलब्धियां और सफलताएँ देश के सामर्थ्य और संभावनाओं के समान ही असीम हैं। ये उपलब्धियां किसी एक संस्था या प्रतिष्ठान की नहीं हैं, बल्कि देश के कोटि-कोटि नागरिकों की हैं। इनमें करोड़ों देशवासियों का श्रम और पसीना लगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ममता ने धनखड़ को ट्विटर पर ब्लॉक किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री बनाम राज्यपाल के बीच का टकराव कम होने का नाम नहीं ले रहा। इस बीच राज्य की सीएम ममता बनर्जी ने तनाव को नया मोड़ देते हुए गवर्नर जगदीप धनखड़ को ट्विटर पर ब्लॉक कर दिया। बनर्जी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कई बार चिट्ठी लिखकर धनखड़ को हटाने की मांग की है।

### पांच चुनावी राज्यों में रैलियों रोड शो पर बड़ा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में होने वाले चुनाव से पहले जारी चुनावी अभियान के लिए नई गाइडलाइन जारी की हैं। इसके मुताबिक, रोड-शो और वाहन रैलियों पर अभी 11 फरवरी तक बैन जारी रहेगा। हालांकि, आयोग ने कोरोना के केस घटने के साथ ही कुछ छूट देनी भी शुरू कर दी हैं।

## मुद्रा योजना ने महिलाओं को बनाया सशक्तः पीएम

### पीएम ने राष्ट्रीय महिला आयोग के 30वें स्थापना दिवस की बधाई दी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय महिला आयोग के 30वें स्थापना दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित रहे हैं। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय महिला आयोग के 30वें स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा, 30 वर्ष का पड़ाव, चाहे किसी व्यक्ति के जीवन का हो, या फिर किसी संस्था का हो, ये बहुत अहम होता है। ये समय नई जिम्मेदारियों का होता है, नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का होता है। मुझे विश्वास है, अपनी स्थापना के 30वें वर्ष को राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा भी इसी रूप में देखा जा रहा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि, सदियों से भारत की ताकत हमारे छोटे स्थानीय उद्योग रहे हैं, जिन्हें आज हम MSME कहते हैं। इन उद्योगों में जितनी भूमिका पुरुषों की होती हैं, उतनी ही महिलाओं की भी होती है। आजकल महिलाएं लोगों को रोजगार दे रही हैं। सरकार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की सहायता कर रही है।

पीएम ने कहा, आज मुद्रा योजना की लगभग 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। करोड़ों महिलाओं ने इस योजना की मदद से अपना काम शुरू किया है और दूसरों को भी रोजगार दे रहीं हैं। महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इसलिए राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका का विस्तार भी समय की मांग हैं।

पीएम मोदी ने कहा, भारत के लिंगानुपात में वर्षों बाद सुधार हुआ है। स्कूलों से लड़कियों की ड्रॉपआउट दर कम हुई है, ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि महिलाएं से खुद जुड़ गई हैं। आज जिन 9 करोड़ महिलाओं को पहली बार गैस कनेक्शन मिला है, वे महिला सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति हैं।

**मातृत्व अवकाश वाला देश बना भारत**

आज भारत उन देशों में है जो अपने यहां सबसे अधिक मातृत्व अवकाश देता है। कम उम्र में शादी बेटियों की पढ़ाई और करियर में बाधा न बने, इसलिए बेटियों की शादी की उम्र 21 साल करने का प्रयास है। न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला आयोगों को चाहिए कि समाज के इंटरप्रेन्योरशिप में महिलाओं की इस भूमिका को ज्यादा से ज्यादा पहचान मिले, उसे बढ़ावा दिया जाए।

## निर्मला सीतारमण ने पेश किया इकोनॉमिक सर्वे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। मंगलवार 1 फरवरी 2022 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश का आम बजट पेश करेंगी। गौरतलब है कि पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री होने के नाते यह सीतारमण का चौथा बजट होगा, जबकि 2014 में सत्ता पर काबिज होने के बाद से मोदी सरकार का यह 10वां बजट होगा। इससे पहले सोमवार को वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जो 1 अप्रैल, 2022 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए सरकार के बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति का विवरण देता है। यह 2022-23 वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2022 से मार्च 2023) में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 8 से 8.5 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाता है।

**एनएसओ ने जताया था 9.2 फीसदी का अनुमान** : गौरतलब है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा पूर्व में 9.2 प्रतिशत जीडीपी विस्तार का अनुमान जताया गया था। यानी ये एनएसओ के पूर्व अनुमान से कम है। आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति के साथ-साथ विकास में तेजी लाने के लिए किए जाने वाले सुधारों का विवरण देता है। 2020-21 में जीडीपी में 7.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सर्वेक्षण भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन में सुधार के लिए आपूर्ति-पक्ष के मुद्दों पर केंद्रित है।

**क्या होता है आर्थिक सर्वेक्षण**

बजट हर साल 1 फरवरी के दिन पेश किया जाता है। इसके ठीक एक दिन पहले आर्थिक सर्वेक्षण को सामने रखा जाता है, हालांकि पिछले साल इसे 29 जनवरी को पेश किया गया था। आर्थिक सर्वेक्षण बजट का मुख्य आधार होता है और इसमें अर्थव्यवस्था की पूरी तस्वीर पेश की जाती है और पूरा लेखा.जोखा रहता है। इसके जरिए सरकार देश को अर्थव्यवस्था की हालत के बारे में बताती है।

**सर्वे**

- जीडीपी के 8.5 फीसदी रहने का अनुमान


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Gadoli Media Ventures

Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


## देश में कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट जारी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों लगातार गिरावट जारी है। बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 2,09,918 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान 959 लोगों की मौत भी हुई है।

वहीं, कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 2,62,628 रही। देश में कोरोना के एक्टिव मामले घटकर अब 18,31,268 हो गए हैं। वहीं, कोरोना से अब तक 4,13,02,440 लोग संक्रमित हो चुके हैं। देश में अब तक 3,89,76,122 मरीज इससे ठीक भी हो चुके हैं।

वहीं, कुल 4,95,050 मरीज अपनी जान गंवा चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, देश में डेली पाजिटिविटी दर अब 15.77 फीसद हो गई है।

24 जनवरी से लगातार कोरोना के तीन लाख से कम मामले सामने आ रहे हैं। आइसीएमआर ने बताया कि भारत में कल कोरोना वायरस के लिए 13,31,198 सैंपल टेस्ट किए गए थे। इसके साथ ही कल तक कुल 72,89,97,813 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।

**देश में कोरोना वायरस के 2.10 लाख नए मामले**